# प्रेस नोट

## सराहनीय कार्य कानपुर देहात

## दिनाँक- 12.06.2026

- **आवेदक को साइबर ठग द्वारा व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर फोन को हैक करके खाते से ₹ 39,000/- निकालकर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 18000/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री सौरभ यादव पुत्र शिव सिंह यादव निवासी कस्बा व थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को साइबर ठग द्वारा व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर फोन को हैक करके आवेदक के खाते से ₹ 39,000/- निकालकर साइबर ठगी की गयी थी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 17.05.2026 को थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क शिवली) जनपद कानपुर देहात पर की गयी थी। जिस पर थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की कटी हुयी धनराशि ₹ 18,000/- को दिनांक 12.06.2026 को शिकायतकर्ता के खाते मे वापस करायी गयी है तथा शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने पुलिस का धन्यवाद दिया।

### वापस करायी गयी धनराशि-

**₹18,000/-**

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।

### धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री सोमवीर सिंह
3. कम्प्यूटर आप0 अतुल कुमार
4. म0का0 1261 प्रीति सोनकर